दैनिक भास्कर

राष्ट्रीय संस्करण नई दिल्ली, सोमवार 17 मार्च, 2014 | 9

आईसीएसआई जून में प्रायोगिक तौर पर ओपन बुक परीक्षा शुरू करेगा

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) जल्द ही ओपन बुक एग्जाम (ओबीई) प्रायोगिक तौर पर शुरू करने जा रहा है। फिलहाल पांच वैकल्पिक विषयों के लिए ही यह व्यवस्था की गई है। इन विषयों में बैंकिंग बीमा, बौद्धिक संपदा अधिकार, इंटरनेशनल बिजनेस, कैपिटल एंड कमोडिटी व मनी मार्केट को शामिल किया गया है। परीक्षा जून माह में आयोजित की जाएगी। अभी यह व्यवस्था फाउंडेशन कोर्स के छात्रों के लिए ही की गई है। परीक्षा में छात्रों का मूल्यांकन वैकल्पिक सवालों के माध्यम से किया जाएगा।